# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र )

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 15 मार्च, 2022/24 फाल्गुन, 1943 (शक्)

----

**[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 26**

----

### छोटे कार्यों हेतु धनराशि

***5156 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा छोटे कार्यों (minor works) हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; वर्षवार, कार्यवार व धनराशि सहित ब्यौरा दें?

----

### हैण्डपम्प

***5157 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा बिलासपुर में 200 हैण्डपम्प स्थापित करने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो गत वर्ष दिनांक 01.02.2022 तक कितने हैण्डपम्प स्थापित किए गए; और

(ख) हाल ही में कितने हैण्डपम्प स्थापित करने हेतु आदेश जारी किए गए हैं; श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सूखा-ग्रस्त पंचायतों/क्षेत्रों के अन्तर्गत इनमें से कितने हैण्डपम्प स्वीकृत हुए हैं; ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य सुविधाएं

*5158 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों/संस्थानों में क्या-क्या नई स्वास्थ्य सुविधाएं दी गईं; ब्यौरा स्वास्थ्य सुविधा के आरम्भ करने के आदेशों/अधिसूचना सहित तिथिवार दें; और

(ख) इन स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने नए पद सृजित किए गए व कितने भरे गए; विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों/संस्थानों में नई संरचना के निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## 108 एम्बुलेंस सेवा

*5159 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक चिकित्सालय कुनिहार में 108 एम्बुलेंस सेवा की सुविधा कब तक प्रदान कर दी जाएगी?

----

## रेडियोलॉजिस्ट के पद

*5160 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चम्बा मैडिकल कॉलेज में एम0आर0आई0 और सी0टी स्कैन की मशीनें स्थापित हो चुकी हैं; यदि हां, तो सरकार इस कॉलेज में बी0एस0सी0 रेडियोग्राफर व बी0एस0सी0 रेडियोलॉजिस्ट के रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## सावड़ा-कुड्डू प्रोजैक्ट

*5161 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सावड़ा-कुड्डू जल विद्युत परियोजना का शिलान्यास कब और किसके द्वारा किया गया था; इस पर कितनी धनराशि व्यय हुई;

(ख) इस परियोजना से बिजली उत्पादन कब प्रारम्भ हुआ और सरकार को इस परियोजना से कितनी आय प्राप्त हुई; और

(ग) इस प्रोजैक्ट की डी0पी0आर0 के अनुसार कितनी बिजली उत्पादन की क्षमता है और गत एक वर्ष से कितने मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ; यदि कम हुआ तो इसके कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## सोलर फैंसिंग

*5162 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बड़े आवारा जानवरों (नीलगाय आदि) से सोलर फैंसिंग के माध्यम द्वारा फसलों को नहीं बचाया जा सकता है; और

(ख) यदि हां, तो फसलों को बचाने हेतु विभाग के पास अन्य विकल्प कौन-कौन से मौजूद हैं; ब्यौरा विकल्पवार दें?

----

## विचाराधीन योजना

*5163 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि फतेहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार पौंग बांध झील से सिंचाई या पेयजल की उठाऊ योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## विज्ञान कक्षाएं

***5164 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा, जिला मण्डी में विज्ञान की कक्षाएं आरम्भ करना प्रस्तावित है; यदि हां, तो क्या आगामी शैक्षणिक सत्र से ये कक्षाएं आरम्भ कर दी जाएंगी; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

***5165 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**
**श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में पशु चिकित्सकों के कितने पद भरे गए; ब्यौरा दें; यदि नहीं,तो सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; और

(ख) वर्तमान में पशु पालन विभाग के अन्तर्गत कितने पशु चिकित्सकों के पद रिक्त चल रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## Houses under Various Schemes

*5166 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 01.02.2022, how many houses have been sanctioned and handed over under various schemes like Pradhanmantri Awas Yojna etc. in Salooni and Bhattiyat Blocks; details be given Panchayat-wise?

----

## पदपूर्ति

***5167 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पांगी घाटी में उद्यान

विभाग के अन्तर्गत विषय वस्तु विशेषज्ञ (SMS Horticulture) के रिक्त पद नहीं भरे गए हैं; यदि हां, तो सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## बेड़ा जाति

***5168 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बेड़ा जाति अनुसूचित जाति में शामिल है या अनुसूचित जनजाति में; ब्यौरा दें?

----

## Funds Received

***5169 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, what are the Heads under which the DC Office Kullu received funds; and

(b) how much funds expended/allotted by DC Office Kullu under various heads constituency-wise details be given?

----

## किसान सम्मान निधि

***5170 श्री विशाल नैहरिया (धर्मशाला):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने कुछ किसानों को किसान सम्मान निधि की रिकवरी हेतु पत्र जारी किये हैं; और

(ख) यदि हां, तो किन किसानों से सम्मान निधि की रिकवरी की जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## सार्वजनिक शौचालय

***5171 श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि धार्मिक तीर्थ स्थल तत्तापानी में पुरूष/महिला हेतु सार्वजनिक शौचालय की सुविधा

उपलब्ध नहीं है; यदि हां, तो सरकार कब तक इस सुविधा को उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सिलाई अध्यापिका एवं पंचायत चौकीदार

*5172 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :**
**श्री आशीष बुटेल (पालमपुर) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार पंचायती राज विभाग में कार्यरत सिलाई अध्यापिकाओं को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) यह सत्य है कि पालमपुर नगर निगम में सम्मिलित पंचायतों की सिलाई अध्यापिकाएं व पंचायत चौकीदार नगर निगम में कार्यरत हैं; पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ग) इन कर्मचारियों को क्या कार्य दिया गया है; इनका मानदेय/दिहाड़ी/Pay Scale एवं इनकी कार्य की समयावधि प्रतिदिन क्या है; पूर्ण ब्यौरा दें?

----

## मशीनरी

*5173 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) ज्वालामुखी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के उप-मण्डल ज्वालामुखी, खुण्डियां व मझीण में कितनी-कितनी मशीनरी उपलब्ध है; विवरण उप-मण्डलवार दें; और

(ख) कितनी मशीनरी कार्य करने के योग्य है व कितनी खराब हो चुकी है क्या विभाग द्वारा खराब हो चुकी मशीनरी की जगह नई मशीनरी उपलब्ध करवा दी गई है; विवरण दें?

----

## राजकीय महाविद्यालय श्री नैना देवीजी

*5174 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) राजकीय महाविद्यालय श्री नैना देवीजी कब आरम्भ किया गया था; पूर्व में चल रहे निजी स्व० रुलदू राम मैमोरियल कॉलेज में कार्यरत कर्मचारियों में से कितने कर्मचारियों को सरकार ने अपने अधीन लिया है; और

(ख) इसके लिए विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत किन दिशा-निर्देशों व पैरामीटर्स के तहत इन नियुक्तियों को किया गया; ब्यौरा दें?

----

## शर्तों व नियमों का पालन

*5175 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बन्जार नगर पंचायत टी0सी0पी0 के अन्तर्गत सम्मिलित है; यदि नहीं, तो बन्जार नगर पंचायत क्षेत्र में किस आधार पर टी0सी0पी0 की शर्तों व नियमों का पालन करवाया जा रहा है; अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## पदपूर्ति

*5176 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नागरिक अस्पताल अर्की में ई0एन0टी0,एम0डी0 (मैडिसन), बाल चिकित्सक व अल्ट्रासांउड विशेषज्ञ के कितने पद रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## मिनी सचिवालय

*5177 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा चम्बा ज़िला में मिनी सचिवालय के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है व इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## शाह नहर परियोजना

*5178 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शाह नहर परियोजना के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ख) इस परियोजना से कितने हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा देने का प्रावधान है;

(ग) इस परियोजना से कितने हैक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ पहुंचा है; और

(घ) शाह नहर कमांड एरिया डवलपमेंट में जिन किसानों के खेतों में कूहलें और नालियां नहीं बनी हैं, उनको कब तक बना दिया जाएगा; विवरण दें?

----

## फलदार पौधों का रोपण

***5179 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने हैक्टेयर भूमि पर शिवा प्रोजैक्ट के अन्तर्गत फलदार पौधों का रोपण हुआ है; ब्यौरा पौधों की किस्मवार दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में कितनी भूमि पर पौधा रोपण प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

----

## हिम कुक्कुट योजना

***5180 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिम कुक्कुट योजना की 60:40 अनुपात के अन्तर्गत कितनी प्रोजैक्ट कॉस्ट थी तथा किसानों को किस दर पर चूजे, फीडर व ड्रिंकर उपलब्ध करवाए गए; क्या यह योजना लाभार्थियों को 60:40 अनुपात पर ही दी जा रही है; क्या उनसे फार्मर शेयर ज्यादा लिया जा रहा है; ब्यौरा दें;

(ख) गत 3 वर्षों में पशु पालन विभाग में 90:05:05 अनुपात योजना के तहत कितने आवेदन प्राप्त हुए; इस योजना के अन्तर्गत किस-किस कीमत पर बकरियां उपलब्ध करवाई गईं; कितनी बकरियां अब तक मरी व किसानों को इन बकरियों का कितना मुआवज़ा दिया गया; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस योजना में 60:40 अनुपात के अन्तर्गत कितनी बकरियां दी गईं उनमें से कितनी मरी तथा उनका कितना मुआवज़ा दिया गया; जो बकरी पालक इस योजना के अन्तर्गत कार्य कर रहे हैं उन्हें इस योजना से कितना लाभ हुआ तथा क्या वे इस व्यवसाय को सुचारू रूप से चला रहे हैं; यदि हां, तो पूर्ण ब्यौरा दें?

----

## JBT Teachers

***5181 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many JBT Teachers have been employed by the Government;

(b) how many have been appointed batch-wise and through HPSSB Hamirpur; and

(c) what is the total number of vacancies of JBT's in the State; details be given District-wise?

----

**Yash Paul Sharma,**

**Secretary.**